प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 22.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-




आज दिनांकः- 22.05.2025 को बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।




जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा में बीट कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सुदृढ बनाये जाने हेतु थानों से आये बीट आरक्षियों की बीट बुक को चेक किया गया, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः 22.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं जनसुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में बीट प्रणाली की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद के प्रत्येक थाने से एक-एक बीट आरक्षी को आमंत्रित कर उनकी बीट बुक का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों/महिला आरक्षियों को बीट प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने-अपने बीट क्षेत्रों में भ्रमण करें एवं बीट बुक को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने यह भी कहा कि बीट पुलिसकर्मी अपने क्षेत्र में सतत् सक्रियता बनाए रखें, आमजन से संवाद स्थापित करें, सूचनाओं का समय से संकलन करें तथा सभी प्रविष्टियों को पूर्ण, प्रामाणिक एवं पारदर्शी ढंग से दर्ज करें।

पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान बीट बुक चेक करते हुए पुलिस की प्राथमिकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसी उत्तरदायी कार्यशैली से पुलिस और जनमानस के बीच विश्वास की डोर और अधिक मजबूत होगी, जिससे अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी एवं कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकेगा।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 22.05.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांकः- 22.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित अपराध निरीक्षक श्री अरविन्द सिंह गौर मय हमराह कां0 अजय कुमार, कां0 दिनेश सिंह सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त द्वारा अपना नाम बदलकर वादिया के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाना व धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से आवेदिका के फोटो व वीडियो वायरल किये जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 125/2025 धारा 64(1) BNS व 67 IT ACT व 5(3) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधि0 2021 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त राहुल उर्फ सरफराज खान पुत्र मो0 रफीक निवासी ग्राम किल्हौआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को बागौल तिरहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल एप्पल रंग सफेद जिससे घटना से सम्बन्धित वीडियो बनाकर वायरल किया गया बरामद किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम –

1. निरी0 श्री अरविन्द सिंह गौर
2. हे0कां सुमित कुमार 3. कां0 अजय कुमार 4. कां0 दिनेश सिंह सेंगर

### गिरफ्तार अभियुक्त-

राहुल उर्फ सरफराज खान पुत्र मो0 रफीक निवासी ग्राम किल्हौआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



## मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत
## “परिवार परामर्श केन्द्र” कमेटी के सदस्यों ने
## 02 परिवारों को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-





आज दिनांक- 22.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में “परिवार परामर्श केन्द्र” कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना श्रीमती प्रभा पाण्डेय की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 06 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 02 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0कां0 रेखा, म0कां0 विभा सिंह, म0कां0 अनुप्रिया सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः श्री शिवकुमार गोस्वामी, श्री रामजी गुप्ता, श्री सुरेश जायसवाल, श्री मो0 हनीफ, श्रीमती नीतू पालीवाल, श्रीमती नेहा चंसौरिया आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने डी.पी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्ता को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांकः- 22.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गोडं के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर अवधेश कुमार मिश्र द्वारा गठित टीम के उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह द्वारा मु0अ0स0 100/25 धारा 80(2)/85 बीएनएस व ¾ डीपीएक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता शीला राजपूत पत्नी अम्बिका प्रसाद उम्र 55 वर्ष नि0 ग्राम सिजवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को बिलरही मोड़ के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया तथा अभियुक्ता उपरोक्त को मा0न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह
2. हे0का0 शिवदयाल
3. हे0का0 रमाशंकर पटेल
4. म0का0 शिवानी सिंह

## गिरफ्तार वांछित अभियुक्तगण-

शीला राजपूत पत्नी अम्बिका प्रसाद उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम सिजवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

